# पल्स पोलियो अभियान: 92.87% कवरेज के साथ ओरमांझी अव्वल, 71.75% के साथ रातू सबसे नीचे

## पहले दिन रांची जिले में 89.22% बच्चों को दी गई खुराक, ग्रामीण क्षेत्र में 84.64% और शहरी क्षेत्र में 95.80% लक्ष्य हासिल

हेल्थरिपोर्टर | रांची

जिले में 28 से 30 जून तक चल रहे पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन रविवार को कुल लक्ष्य का 89.22 प्रतिशत हासिल किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार जिले में 5,05,524 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके विरुद्ध पहले दिन 4,51,019 बच्चों को दवा पिलाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में 2,98,143 बच्चों के लक्ष्य के मुकाबले 2,52,351 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई, जिससे 84.64 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। वहीं, शहरी क्षेत्र में अभियान बेहतर रहा। 2,07,381 बच्चों के लक्ष्य के मुकाबले 1,98,668 बच्चों को दवा पिलाई गई, जो 95.80 प्रतिशत है। ग्रा मीण प्रखंडों में ओरमांझी ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए 92.87 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। इसके बाद बुंडू ने 91.01%, बेड़ो ने 89.55%, लापुंग ने 89.75% और चान्हो ने 89.00% लक्ष्य पूरा किया। वहीं रातू में सबसे कम 71.75 प्रतिशत बच्चों को ही पहले दिन पोलियो की खुराक पिलाई जा सकी। इसके अलावा कांके में 80.67%, अनगड़ा में 83.24%, नामकुम में 83.56% और मांडर में 82.98% उपलब्धि दर्ज की गई। रांची सदर अस्पताल में मेयर रौशनी खलखो ने अभियान का शुभारंभ किया।



मेयर ने रौशनी खलखो किया शुभारंभ।

**प्रखंडवार पहले दिन की उपलब्धि**

| प्रखंड | लक्ष्य | बच्चों को खुराक | उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| बेड़ो | 21,511 | 19,263 | 89.55% |
| अनगड़ा | 22,422 | 18,665 | 83.24% |
| बुंडू | 14,767 | 13,439 | 91.01% |
| बुढ़मू | 27,263 | 24,264 | 89.00% |
| चान्हो | 16,996 | 14,091 | 82.91% |
| कांके | 36,017 | 29,054 | 80.67% |
| लापुंग | 10,730 | 9,630 | 89.75% |
| मांडर | 22,324 | 18,525 | 82.98% |
| नामकुम | 29,164 | 24,370 | 83.56% |
| ओरमांझी | 15,925 | 14,789 | 92.87% |
| रातू | 25,425 | 18,242 | 71.75% |
| सिल्ली | 18,746 | 15,961 | 85.14% |
| सोनाहातू | 16,089 | 13,947 | 86.69% |
| तमाड़ | 20,764 | 18,111 | 87.22% |

| ग्रामीण क्षेत्र | | शहरी क्षेत्र (रांची नगर) | |
|---|---|---|---|
| लक्ष्य | 2,98,143 | लक्ष्य | 2,07,381 |
| कवरेज | 2,52,351 | कवरेज | 1,98,668 |
| उपलब्धि | 84.64% | उपलब्धि | 95.80% |

## डालसा के जागरूकता अभियान में नशा के खिलाफ लोगों को किया गया अलर्ट

ठाकुरगांव| झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के डॉन अभियान के तहत रविवार को बुढ़मू प्रखंड में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम झालसा के अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश, सचिव कुमारी रंजना अस्थाना एवं सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राकेश रौशन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पीएलवी गणेश कुमार, बंधु उरांव, दीपक मुंडा, सादिक अली सहित अन्य लोगों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

## ओरमांझी की बेटियों ने क्षेत्रीय खो-खो में फिर जीता स्वर्ण पदक, अब मेरठ में दिखाएंगी दम

ओरमांझी। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुल्ही की छात्राओं ने एक बार फिर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 37वीं क्षेत्रीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर ओरमांझी और झारखंड का नाम रोशन किया है। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से बिहार के बेतिया स्थित बरवत सेना में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में विद्यालय की टीम ने लोक शिक्षा समिति, बिहार की टीम को 21-5 के एकतरफा अंतर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले विद्यालय की छात्राओं ने बोकारो के दुग्धा में आयोजित प्रांतीय खो-खो प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता था। अब विजेता टीम मेरठ में अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्तर-पूर्व क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी।

## जमीन को लेकर मारपीट का आरोप, 5 पर प्राथमिकी

ओरमांझी । थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव निवासी सुनील कुमार महतो (31), पिता जगेश्वर महतो ने जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर मारपीट, जानलेवा हमला और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए ओरमांझी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में पांच लोगों ज्योति प्रकाश महतो, प्रेम प्रकाश महतो, कलेश्वर महतो, प्रमिला देवी और बसंती देवी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**Maharashtra Airport Development Company Ltd.**
MADC
CIN: U45203MH2002SGC136979
**TENDER NOTICE**
Development of Road Network SWD and other infrastructure including water supply, Sewerage system in Sector 32A & 33A in Chinchbhuvan Rehabilitation area in MIHAN at Nagpur.
The detailed advertisement can be seen / downloaded from the website **www.mahatenders.gov.in** from **29/06/2026** from **9.00** hours.
Sd/-
Vice Chairman and Managing Director

## 70 छात्र-छात्राएं सम्मानित

ओरमांझी। जनसेवी संगठन प्रगति परिषद एवं समाधान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को माउंट कार्मेल स्कूल, ओरमांझी के सभागार में मेधा सम्मान महोत्सव का आयोजन किया गया। आईसीएसई, सीबीएसई व जैक मैट्रिक में 90 प्रतिशत से अधिक अंक वाले 70 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## अंडर-17 और अंडर-19 में माउंट कार्मेल बना चैंपियन

ओरमांझी। माउंट कार्मेल स्कूल, ओरमांझी ने आईसीएसई रांची जोन इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 और अंडर-19 दोनों वर्गों का खिताब अपने नाम कर लिया। सेंट जेवियर स्कूल, डोरंडा और प्रभात तारा इंग्लिश मीडियम स्कूल, धुर्वा के मैदानों पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की दोनों टीमों ने फाइनल में दमदार खेल दिखाते हुए दोहरी सफलता हासिल की। छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी है।

## युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव को दी श्रद्धांजलि



रातू|युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव की 16वीं पुण्यतिथि रविवार को फन कैसल पार्क, रातू किला और काठीटांड़ चौक पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। तीनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सैकड़ों लोगों ने उनकी प्रतिमा एवं तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और शिक्षा तथा जनकल्याण के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। फन कैसल पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में युवराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जेएससीए के अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव, पार्क निदेशक नितेश नाथ शाहदेव समेत पार्क परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं, रातू किला में राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी, कल्पना मंजरी देवी, अजयनाथ शाहदेव, दामोदर मिश्रा सहित अन्य लोगों ने युवराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## पूर्व उप सरपंच का निधन

ओरमांझी। प्रखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पांचा के पूर्व उपसरपंच एवं बारीडीह निवासी विशेश्वर महतो (62) का बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## निधन पर शोक सभा

ठाकुरगांव । बुढ़मू के पत्रकार सुदीप सिंह की भाभी पूर्णिमा सिंह का रविवार की सुबह निधन हो गया। पूर्णिमा सिंह पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान प्रेस क्लब बुढ़मू में शोक सभा का आयोजन किया गया।

**दैनिक भास्कर में**
पुण्यतिथि | श्रद्धांजलि एवं शोक संदेश
अब घर बैठे एक क्लिक या कॉल पर बुक करें
BhaskarAd.com 9772019222

**एनटीपीसी NTPC एन टी पी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
एनटीपीसी – विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से निःशुल्क, 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर पोंड ऐश उठाने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण – वित्तीय वर्ष–2026–27
ईओआई सं. वीएसटीपीएस/पोंड ऐश/2026–27/01 दिनांक: 29.06.2026
एनटीपीसी–विंध्याचल 'निःशुल्क', 'पहले आओ, पहले पाओ' तथा 'जैसा है जहाँ है' के आधार पर एक वर्ष की अवधि हेतु सिंगरौली जिला, विंध्यानगर, मध्य प्रदेश – 486885 में स्थित **एनटीपीसी–विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट** से पोंड ऐश उठाने के लिए इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करती है। ऐश उठाने एवं उसके परिवहन का उत्तरदायित्व इच्छुक ऐश उपयोगकर्ता का होगा।
इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकता(एं) निर्दिष्ट मानक प्रारूप में **rahulverma@ntpc.co.in/smpandey@ntpc.co.in** पर दिनांक **09.07.2026** को **18:00 बजे** तक प्रस्तुत करें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया **9426125018** अथवा **9650997385** पर संपर्क करें।
रुचि की अभिव्यक्ति हेतु 'सामान्य जानकारी' तथा 'आवेदन हेतु मानक प्रारूप' **www.ntpctender.ntpc.co.in** पर अपलोड किए गए हैं।
पंजीकृत कार्यालयः एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003.
www.ntpc.co.in, सीआईएनः L40101DL1975GOI007966
विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
रेलवे भर्ती बोर्ड, (आरआरबी)
केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचना(सी.ई.एन) संख्या 02/2026
तकनीशियन भर्ती हेतु
(सांकेतिक सूचना)
नीचे दी गई तालिका उल्लेखित तकनीशियन ग्रेड-I सिग्नल एवं तकनीशियन ग्रेड-III के विभिन्न पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29/07/2026 है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किए जाने चाहिए। (https://www.rrbapply.gov.in)
आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 30.06.2026
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 29.07.2026 (23:59 बजे)

| पद का नाम | वेतन स्तर (7वें सीपीसी के अनुसार) | प्रारंभिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | आयु (01.07.2026 को) | रिक्तियां (सभी रे.भ.बो.) | कुल रिक्तियां (सभी रे.भ.बो.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तकनीशियन ग्रेड-I सिग्नल | 5 | 29,200/- | B-1 | 18-33 वर्ष | 323 | 6557 |
| तकनीशियन ग्रेड-III | 2 | 19,900/- | विस्तृत के.रो.अधि. के अनुसार | 18-30 वर्ष | 6234 | |

नोट:
1. प्रत्येक उम्मीदवार को किसी एक वेतन स्तर के लिए केवल एक रे.भ.बो. में आवेदन करने की अनुमति है, और उस वेतन स्तर के अंतर्गत अधिसूचित किसी एक या सभी पदों के लिए केवल एक ही सामान्य ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
2. प्रत्येक वेतन स्तर के लिए अलग से आवेदन पत्र जमा करना होगा।
3. उम्मीदवारों को पुरजोर सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपने प्राथमिक विवरणों का सत्यापन आधार के माध्यम से करें, ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में विशेष विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा और विलंब से बचा जा सके।
4. 'आधार' के माध्यम से सफल सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए, आधार में दर्ज नाम और जन्मतिथि को दसवीं कक्षा के पास प्रमाणपत्र में उपलब्ध पूर्ण नाम और जन्मतिथि से 100% मिलान करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार में नवीनतम फोटो तथा नवीनतम बायोमैट्रिक (फिंगरप्रिंट एवं आईरिस) अद्यतन किया जाना आवश्यक है।
5. यह सूचना केवल सांकेतिक है, जिसका उद्देश्य संभावित अभ्यर्थियों को आगामी सी.ई.एन के बारे में सूचित करना तथा आवेदन के लिए आवश्यक प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों के साथ तैयार रहने हेतु अवगत कराना है। साथ ही यह स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियम, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएँ तथा अन्य आवश्यकताएँ विस्तृत सी.ई.एन संख्या 02/2026 (तथा समय-समय पर जारी होने वाले किसी भी संशोधन सहित) के अनुसार ही सख्ती से लागू होंगी, जिसे नीचे सूचीबद्ध सभी रे.भ.बो. की आधिकारिक वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

सी.ई.एन. सं. 02/2026 में भाग लेने वाले रेलवे भर्ती बोर्डों की वेबसाइट

| | | |
|---|---|---|
| अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in | अजमेर www.rrbajmer.gov.in | बैंगलूरू www.rrbbnc.gov.in |
| भोपाल www.rrbbhopal.gov.in | भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in | बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in |
| चंडीगढ़ www.rrbcdg.gov.in | चेन्नई www.rrbchennai.gov.in | गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in |
| जम्मू-श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in | कोलकत्ता www.rrbkolkata.gov.in | मालदा www.rrbmalda.gov.in |
| मुंबई www.rrbmumbai.gov.in | मुजफ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in | पटना www.rrbpatna.gov.in |
| प्रयागराज www.rrbpryj.gov.in | रांची www.rrbranchi.gov.in | सीकन्दराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in |
| सिलीगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in | तिरुवनंतपुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in | गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in |

* सभी आरआरबी के लिए नई केन्द्रीकृत वेबसाइट : https://rrb.indianrailways.gov.in.
संख्या - आरआरबी/टीबीसी/सी.ई.एन/02/2026
दिनांक: 29.06.2026
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड
''जालसाजों, दलालों, नौकरी दिलाने वालों और ठगों से सावधान रहें''






श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री भूपेन्द्रभाई पटेल
माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात

मध्य गुजरात
29th | 30th JUNE 2026

माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात
श्री भूपेन्द्रभाई पटेल जी
द्वारा शुभारंभ

गरिमामय उपस्थिति
श्री मनोहर लाल
माननीय केंद्रीय मंत्री, विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य, भारत सरकार
श्री हर्ष संघवी
माननीय उपमुख्यमंत्री, गुजरात

29 जून 2026, सोमवार | सुबह 10:30 बजे
GSFC युनिवर्सिटी, वडोदरा, गुजरात

''वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस से गुजरात के औद्योगिक उत्कर्ष की नई दिशा खुलेगी।''
- हर्ष संघवी, उपमुख्यमंत्री, गुजरात

प्रमुख क्षेत्र
सेमिकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स | केमिकल और पेट्रोकेमिकल्स | ग्रीन एनर्जी ईकोसिस्टम | ऑटो और ऑटो कम्पोनेंट्स | कृषि और खाद्य प्रसंस्करण
पर्यटन और संस्कृति | स्टार्टअप्स और MSMEs | एयरोस्पेस और डिफेंस | IT और ITeS | बायोटेक
फ़ार्मास्युटिकल्स | फ़िनटेक | एजुकेशन | कौशल विकास

सम्मेलन की मुख्य विशेषताएँ
• उद्घाटन समारोह • क्षेत्र-विशिष्ट सेमिनार • कंट्री सेमिनार • क्षेत्रीय पुरस्कार (MSMEs/आर्टिज़न)
• राउन्ड टेबल सम्मेलन • रिवर्स बायर-सेलर मीटिंग • उद्यमी मेला • ट्रेड शो/प्रदर्शनी
• क्षेत्रीय MSME सम्मेलन • B2B/B2G मीटिंग्स • विक्रेता विकास कार्यक्रम • पैनल डिस्कशन्स
• विशेष दौरे/औद्योगिक दौरे • समापन सत्र

वाइब्रेंट गुजरात रीजनल एक्ज़ीबिशन | 29 जून से 3 जुलाई, 2026 | सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक

वेबसाइट के लिए स्कैन करें
भागीदार देश: Japan, Rwanda, UAE, Ukraine
भागीदार संस्थाएँ: JETRO, US-INDIA, AMCHAM INDIA, FEBI, IICCI, FINCHAM INDIA, Finland Chamber of Commerce in India, kotra Korea Trade-Investment Promotion Agency, icbc Indo Canadian Business Chamber, U.S.-India Business Council, UIBC, ACMA
कार्यक्रम स्थल तक पहुँचने के लिए स्कैन करें
सीधा प्रसारण: CMOGuj CMOGuj CMOGujarat CMOGujarat vibrantgujarat vibrantgujarat vibrant_gujarat vibrantgujarat